>

Title: Need to take measures to curb road accidents in the country.

श्री महेश जोशी (जयपुर): मैं सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि देश में बहुत बड़ी संख्या में वाणिज्यिक वाहन चलते हैं। इन वाहनों के चालकों के लिए किसी प्रकार की कोई ठोस नीति नहीं है जबकि ये वाहन चालक हर हाल में एक ऐसे व्यक्ति की श्रेणी में आते हैं जिनकी थोड़ी सी लापरवाही से लोगों की जान तक जा सकती है और यदि थोड़ी सावधानी रखी जाये तो जान बच सकती है।

मेरा मानना है कि इस ओर ध्यान देकर एक ऐसी नीति बनानी चाहिए जिससे वाणिज्यिक वाहन चालकों को उचित महत्व और मान्यता मिल सके और ये बहुत गंभीरता और परिपक्वता के साथ समाज के एक जिम्मेदार और महत्वपूर्ण नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सके।

नीति में इस संबंध में ध्यान रखा जाना चाहिए कि कोई भी वाणिज्यिक वाहन चालक लंबे समय तक लगातार वाहन चलाने का बोझ नहीं उठाये अन्यथा थकान की वजह से दुर्घटना होने की संभावना बढ़ जाती है। यह बात सरकारी एवं निजी बसों, ट्रकों आदि सभी प्रकार के वाणिज्यिक वाहनों पर लागू होनी चाहिए।

इसके अलावा मैं यह भी उल्लेख करना चाहता हूं कि सड़क दुर्घटनाओं के होने में एक बड़ा कारण शराब भी है। इसलिए केन्द्र सरकार सभी राज्य सरकारों से बात कर सभी राष्ट्रीय राजमार्गों और राज्य उच्च मार्गों पर शराब की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाये ताकि शराब पीकर वाहन चलाने के अप्रिय एवं गैर कानूनी स्थिति को नियंत्रित किया जा सके। शराब की बिक्री पर सख्ती से रोक लगाने के लिये राष्ट्रीय राजमार्गों एवं राज्य उच्च मार्गों पर खोले जाने वाले ढाबों एवं दुकानों आदि के लिए भी लाइसेंस जारी करने की व्यवस्था की जाये ताकि वे पूर्णतया कानूनी नियंत्रण में रहे और उनके माध्यम से भी किसी भी प्रकार से शराब की अवैध बिक्री न हो सके। इन सबके लिये मोटर व्हीकल एक्ट या संबंधित नियम-अधिनियम जो भी हों उनमें संशोधन किया जाना चाहिए।